# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

**नाशिक** | **Thursday, 24 September 2026**


## 18 साल मे पंहली बार घाटे मे अंाया IndusInd Bank, आंतरिक रिपोर्ट मे हुंआ बड़ा खुलासा।


Publisher



Published on 22 May 2025





## दो दशक मे पंहली बार घाटे मे अंाया IndusInd Bank, आंतरिक रिपोर्ट मे कर्मचारियों की बड़ी भूमिका उजागर।

**नई दिल्ली : IndusInd Bank** को **वित्त वर्ष 2025** की अंतिम तिमाही (जनवरी से मार्च) में भारी घाटा हुआ है। बैंक को इस दौरान **₹2,236 करोड़** का नुकसान हुआ है, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में बैंक ने **₹2,347 करोड़** का मुनाफा कमाया था। बैंक के इतिहास में 18 वर्षों में यह पहला मौका है जब उसने किसी तिमाही में नुकसान दर्ज किया है।

**फर्जीवाड़ा बना घाटे की वजह**

बैंक ने इस घाटे के पीछे **कर्मचारियों** द्वारा की गई **गड़बड़ियों** और **वित्तीय अनियमितताओं** को जिम्मेदार बताया है। **इंडसइंड बैंक** की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कुछ कर्मचारियों ने **डेरिवेटिव ट्रेडिंग** और **माइक्रोफाइनेसं पोर्टफोलियो** में गलत तरीके से लेखांकन किया, जिससे वित्तीय नुकसान हुआ।

**बड़े फर्जीवाड़े की टाइमलाइन**:

१. **डेरिवेटिव ट्रेडिंग** में लेखांकन गड़बड़ी के कारण **₹1,966 करोड़** का नुकसान हुआ।

२.'**माइक्रोफाइनेसं पोर्टफोलियो मे ₹684 करोड़** की राशि को तीन तिमाहियों में गलत तरीके से ब्याज आय के रूप में दर्शाया गया।

३. इस राशि को जनवरी 2025 में वापस (रिवर्स) कर दिया गया।

### बोर्ड और प्रबंधन ने मानी चूक

बैंक के **चेयरमैन सुनील मेहता** ने माना कि आंतरिक नियंत्रण में गंभीर खामियां थीं। उन्होंने कहा कि प्रबंधन सभी समस्याओं को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है और सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

### शीर्ष अधिकारियों ने दिया इस्तीफा

इस फर्जीवाड़े और लेखांकन की गड़बड़ियों के चलते:

१. **सीईओ सुमंत कठपालिया**

२. **डिप्टी सीईओ अरुण खुराना**

३. दोनों ने **29 अप्रैल 2025** को इस्तीफा दे दिया।

### बही-खातों की जांच मे PWC की नियुक्ति

बैंक ने बही-खातों के **लेखा परीक्षण** और **वित्तीय प्रभाव** के मूल्यांकन के लिए बाहरी **ऑडिट एजेंसी PwC** को नियुक्त किया है। PwC की रिपोर्ट के अनुसार**, 30 जून 2024 तक बैकं पर ₹1,979 करोड़** का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

### बाजार और निवेशकों पर असर

१. **बैकं की नेटवर्थ पर 2.35%** का नकारात्मक प्रभाव पड़ने का अनुमान है।

२. **निवेशकों** और नियामकों के बीच भरोसा बहाली एक बड़ी चुनौती बन चुकी है।

३. **Q4 के नतीजों** में सभी विसंगतियों को शामिल कर लिया गया है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.